भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून।

संख्याः /उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0परि0/2024–25, दिनांक 25 जून, 2024

**तकनीकी निविदा का परिणाम**

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4842/ र0ख0ला0/ ई0नी0/वि0का0ज्ञा0 /भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के द्वारा विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृत के क्रम में कार्यालय के निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 4895/UTR_007/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 19.12.2023 के द्वारा जनपद उत्तरकाशी की तहसील चिन्यालीसौड के ग्राम गैलाडी क्षेत्रान्तर्गत उत्तराखण्ड सरकार वर्ग 10(1) जलमग्न खसरा नं0 4 मध्य रकवा 0.050 है0, खसरा नं0 251म0 रकवा 0.545 है0, कुल रकवा 0.595 है0 उपखनिज क्षेत्र हेतु प्रति वर्ष उपखनिज की निकासी की मात्रा 32,130 टन एवं आधार मूल्य रू0 22,49,100.00 निर्धारित करते हुए, उक्त उपखनिज लॉट को नियमावली के नियम 20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल हेतु राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 10.01.2024 (बुधवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी, जिसमें न्यूनतम 03 अर्ह निविदादाता प्राप्त न होने के कारण निदेशालय के आदेश संख्या 5485/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0नि0/2023–24, दिनांक 12.01.2024 के द्वारा उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रण किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

निदेशालय के पत्र संख्या 5542/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 18.01.2024 के द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना के क्रम में जनपद उत्तरकाशी के उक्त लॉट गैलाड़ी की दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) समय अपरान्ह 12:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जानी निर्धारित की गयी थी। महाप्रबन्धक (सी0एण्डआर0 आर0एस0डब्लू), टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड, भागीरथीपुरम, टिहरी गढ़वाल के पत्र दिनांक 06.01.2024 के द्वारा उल्लिखित लॉटों में खनन/चुगान हेतु अनापत्ति प्रदान न किये जाने के कारण निदेशालय के कार्यालय आदेश दिनांक 31 जनवरी, 2024 के द्वारा उक्त लाटों की तकनीकी निविदा को खोले जाने की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गयी थी। राजस्व हित के दृष्टिगत निदेशालय के पत्र दिनांक 23 फरवरी, 2024 के क्रम में महाप्रबन्धक, (सी0एण्ड आर0आर0एस0डब्लू0) टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लिमिटेड, भागीरथीपुरम, जनपद टिहरी गढ़वाल के पत्र दिनांक 23.03.2024 के द्वारा जनपद उत्तरकाशी की तहसील चिन्यालीसौड के क्षेत्रान्तर्गत 02 लॉट तुल्याडा (सुनारगांव) एवं गैलाड़ी में खनन/चुगान कार्य हेतु दी गयी अनापत्ति के क्रम में उक्त निविदाओं की तकनीकी निविदा दिनांक 13.06.2024 समय पूर्वान्ह 11.30 बजे खोले जाने हेतु निर्धारित की गयी। निविदा समिति की संस्तुति दिनांक 13.06.2024 के अनुसार जनपद उत्तरकाशी की तहसील चिन्यालीसौड के ग्राम गैलाडी क्षेत्रान्तर्गत उत्तराखण्ड सरकार वर्ग 10(1) जलमग्न खसरा नं0 4 मध्य रकवा 0.050 है0, खसरा नं0 251म0 रकवा 0.545 है0, कुल रकवा 0.595 है0 उपखनिज क्षेत्र की दिनांक 13.06.2024 को खोली गयी तकनीकी निविदा का परिणाम निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | निविदादाताओं का नाम | तकनीकी निविदा का परिणाम |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1. | मैसर्स अस्तित्व अनन्तराज इण्टरप्राइजेज | अभिलेख पूर्ण। |
| 2. | श्री प्रवीण रमोला | निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र की शर्त संख्या 11 के अनुसार निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने वाले आवेदन शुल्क का 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का डिमान्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति निदेशालय में जमा न किये जाने के कारण असफल निविदाकार घोषित। |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | श्री राजेश चन्द्र रमोला | निविदाकार द्वारा निविदा प्रकाशन की तिथि से पूर्व की खनन अदेयता प्रस्तुत की गयी है, जबकि निविदा प्रपत्र की शर्त संख्या 07 के अनुसार निविदा प्रकाशन के उपरान्त निविदित लॉट हेतु जारी किया गया अद्यतन खनन अदेयता प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत की जानी थी, जोकि निविदा की शर्त के अनुरूप न होने के कारण असफल निविदाकार घोषित। |
| 4. | श्री विरेन्द्र सिंह नेगी | –तदैव– |
| 5. | श्री अनिल चन्द | –तदैव– |
| 6. | श्री रणबीर सिंह | –तदैव– |
| 7. | श्री जय प्रकाश | –तदैव– |

उपरोक्त वर्णित उपखनिज लॉट की दिनांक 13.06.2024 को खोली गयी तकनीकी निविदा में उपरोक्त तालिका के अनुसार प्राप्त निविदाओं में से मैसर्स अस्तित्व अनन्तराज इण्टरप्राइजेज की तकनीकी निविदा सफल पायी गयी, किन्तु एकल निविदा सफल होने के कारण प्रतिस्पर्धा के अभाव के दृष्टिगत उक्त निविदा को निरस्त किये जाने तथा पुनः अल्पकालीन निविदा आमंत्रण हेतु निविदा समिति द्वारा संस्तुति की गई है।

अतः निविदा समिति द्वारा की गई संस्तुति के क्रम में उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है तथा पुनः अल्पकालीन निविदा आमंत्रण हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

**(राजपाल लेघा)**
निदेशक

**संख्याः 1639 /उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0 परि0/2023–24, तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि :–** प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

25/6/24
**(राजपाल लेघा)**
निदेशक